आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.09.2025 / 9.20 बजे

प्रादेशिक समाचार

आयुर्वेद दिवस

देश सहित प्रदेश में भी आज आयुर्वेद दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य समारोह शिमला में होगा जहां आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा की अध्यक्षता में आयुष मंथनः हिमाचल में आयुष–सतत विकास के लिए एक रोडमैप विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन होगा। इसके अलावा आयुर्वेद और चिकित्सा की अन्य पारंपरिक प्रणालियों के लाभों के बारे में जागरूकता के लिए प्रदेश भर में विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता व्याख्यान सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

सेवा पर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से प्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। आकाशवाणी के विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज मोदी सरकार द्वारा कल्याणकारी उपायों, सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय समावेशन के माध्यम से अनौपचारिक क्षेत्र को मजबूत  बनाने पर एक रिपोर्ट।

उद्योग मंत्री

राज्य सरकार द्वारा सोलन जिला के नालागढ़ में बनाए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क से राज्य की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी वहीं प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ये जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के बताया कि एक हजार 623 बीघा भूमि पर बनने जा रहे इस पार्क के निर्माण पर 350 करोड़ रूपए की राशि व्यय की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क में कैंसर केयर, रेडियोथैरेपी, दंत चिकित्सा व हडडी रोग में इस्तेमाल होने वाले करीब 150 चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन किया जाएगा।

सेवा पर्व हिमाचल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर से आरंभ हुए सेवा पर्व के तहत हिमाचल प्रदेश में लगातार विभिन्न कार्यक्रम जारी है। विस्तृत जानकारी के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी सरूपमा शर्मा।

*भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में 17 सितंबर से आरंभ हुए सेवा पर्व के तहत रोजाना विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। बीते कल भी नाहन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल विशेष रूप से मौजूद रहे। भाजपा ने सेवा पर्व के तहत 2 अक्तूबर तक प्रदेश में 174 स्वास्थ्य शिविर, 188 रक्तदान शिविर और 171 फल वितरण कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य रखा है। इसी प्रकार युवा पीढ़ी और बच्चों को इस पर्व से जोड़ने के लिए प्रदेश भर में स्कूलों और विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं जिसका राज्य स्तरीय कार्यक्रम 30 सितंबर को शिमला के रिज मैदान पर आयोजित होगा।*

पीएम सूर्य घर

पीएम सूर्य घर मुफत बिजली योजना मे तहत शिमला जिले की 10 पंचायतों को मॉडल सोलर विलेज के तौर पर तैयार किया जाएगा। इस संबंध में आयोजित बैठक में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि आदर्श सौर ग्राम घटक के तहत रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों के आधार पर इन पंचायतों का चयन किया जाएगा और चयनित पंचायत को एक करोड़ रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में ऊर्जा आत्म निर्भरता को बढ़ावा देना और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में तेजी लाना है।

<u>नवरात्र</u>

शारदीय नवरात्रे के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी रूप की आराधना की जा रही है। प्रदेश भर के मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से संयम, तपस्या और ज्ञान की देवी मां ब्रह्मचारिणी के दर्शन और पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है।

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

जीएसटी सुधार पर अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में घी, मक्खन व पनीर सस्ता, सीमेंट के दाम भी घटे।

पंजाब केसरी और दैनिक जागरण ने पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह के बयान को लगभग एक जैसा शीर्षक दिया है बेतरतीब ढंग से फोरलेन निर्माण हुआ तो उच्चाधिकारियों पर होगी कार्रवाई।

शानन पावर प्रोजैक्ट पर अब नवंबर में सुनवाई दिव्य हिमाचल की एक खबर है।